# मुक्ति दिवस समारोह 19 दिसम्बर, 2012 के अवसर पर माननीय प्रशासक महोदयजी का अभिभाषण

माननीय सांसद श्री लालूभाई पटेल,
जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री केतन पटेल ,
दमण नगरपालिका के अध्यक्ष श्री मुकेश पटेल ,
पुलिस महा-निरीक्षक श्री राजेश खुराना,
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री वसेकर,
प्रशासन के सभी सचिव,
समाहर्ता एवं जिलाधीश, दमण श्री पी.एस.रेड्डी,
सिविल न्यायाधीश श्री बाफना,
माननीय पूर्व सांसद श्री डायाभाई, श्री गोपालभाई, श्री देवजी भाई,
सभी स्वतंत्रता सेनानी,
सभी राजनीतिक दलों के उपस्थित अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि,
चुने हुए सभी जन-प्रतिनिधि,
प्रशासन के उपस्थित सभी अधिकारीगण,
मीडिया से आये हुए मेरे साथीगण,
उपस्थित उद्योगपति
उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्ति
भाईयों-बहनों
एवं प्यारे बच्चों ।

दमण एवं दीव के 52वें मुक्ति दिवस के शुभ अवसर पर मैं संघ प्रदेश के निवासियों को हार्दिक बधाई देता हूँ । मैं इस अवसर पर आपके और आपके परिवार के सुख एवं समृद्धि की कामना करता हूँ । 19 दिसम्बर,1961 को संघ प्रदेश दमण एवं दीव को करीब 425 वर्षों के पुर्तगाली शासन से मुक्ति मिली और यह हमारे देश का महत्वपूर्ण अंग बना ।

आज के इस शुभ अवसर पर हम उन सभी जवानों और स्वतंत्रता सेनानियों का स्मरण एवं नमन करते हैं, जिन्होंने इस संघ प्रदेश को आजादी दिलाने में बहुमूल्य योगदान दिया । मैं यहाँ उपस्थित स्वतंत्रता सेनानियों और उनके परिवारों के सदस्यों का भी हार्दिक स्वागत करता हूँ तथा यहाँ उपस्थित सभी नागरिकों, जन-प्रतिनिधियों, अधिकारियों, सुरक्षा कर्मियों तथा पत्रकारों का हार्दिक स्वागत करता हूँ जिनके सम्मिलित सहयोग से यह संघ प्रदेश हर क्षेत्र में विकास एवं प्रगति की ओर बढ़ रहा है ।

जब ये प्रदेश वर्ष 1961 में भारत का अंग बना, तब इन्हें सामाजिक एवं आर्थिक विकास की दृष्टि से हमारे देश का सबसे पिछड़े क्षेत्रों में से माना जाता था । भारत सरकार ने करीब तीस वर्ष पहले इस प्रदेश के लिए करों में कुछ छूट की घोषणा की । उसके बाद इस प्रदेशमें अत्यधिक औद्योगिक विकास हुआ, और बाद में गरीबी दर, साक्षरता दर, शिशु मृत्यु दर, माता मृत्यु दर, शिशु पोषण आदि जैसे सामाजिक विकास और Health Indicators में महत्वपूर्ण प्रगति हुई । आज ये सभी Indicators राष्ट्रीय स्तर से काफी ऊपर हैं । इन सामाजिक एवं आर्थिक Indicators में और अधिक सुधार के लिए हमारा प्रशासन प्रतिबद्ध है ।

अब, जबकि कर छूट की अवधि समाप्त हो रही है, अधिकतर औद्योगिक ईकाईयाँ असमंजस की स्थिति में है और अपने को बचाये रखने के लिए उनके एक नये तरीके के विकास की जरूरत है । टैक्स में छूट न होने

की स्थिति में सड़क, बिजली, जल एवं परिवहन से जुड़ी Infrastructure में सुधार के द्वारा ही Competitiveness में वृद्धि की जा सकती है । दमण एवं दीव के लिए दूसरा सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र पर्यटन है और इस क्षेत्र के लिए भी Infrastructure उतना ही महत्वपूर्ण है । बेहतर Infrastructure से संघ प्रदेश के सभी निवासी भी लाभान्वित होंगे । इसलिए प्रशासन का लक्ष्य दोनों दमण एवं दीव में Infrastructure के Upgradation के लिए परियोजनाओं में तेजी लाना है ।

मुक्ति के दशकों के बाद भी संघ प्रदेश राष्ट्रीय राजमार्ग से नहीं जुड़ा हुआ है । हमने राष्ट्रीय राजमार्ग-8 से दमण तक जुड़े मार्ग (वापी-पातलिया, बामणपूजा-एन.एच.-8) को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने के लिए भारत सरकार को एक प्रस्ताव भेजा है और मंत्रालय से जल्दी Approval लेने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं । हम भारत सरकार से यह अनुरोध करेंगे कि इस सड़क का विस्तार कम से कम Four Lane हो । दमण में पातलिया से गुजरात के उदवाड़ा को जोड़नेवाली कोलक नदी पर पुल के निर्माण का कार्य शुरू किया जा चुका है और दिसम्बर,2013 तक इसे पूरा कर लिया जायेगा । दीव से तड़ तक एक नया पुल बनाने का प्रस्ताव है, जिसके लिए प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है । हम दीव-घोघला के साथ-साथ दीव -कोटडा पुलों का भी निर्माण कार्य शुरू कर रहे हैं । समाज की अलग-अलग वर्गों के विचारों को ध्यान में रखते हुए जल्द ही दमण में केबल स्टेड पुल के निर्माण के संबंध में भी अंतिम फैसला ले लिया जायेगा ।

**जल आपूर्ति :** मधुबन डैम से पाईप लाईन के जरिए पानी लाने और इसे दमण के विभिन्न भागों में ले जाने की दमण म्यूनिसिपल क्षेत्र की महत्वकांक्षी परियोजना को लागू किया जा रहा है । जहॉ तक दीव का संबंध है सरदार सरोवर डैम से पानी लाने और Water Treatment Capacity में बढ़ोतरी की परियोजना के संबंध में Tender जारी किया जा चुका है और हम इसे जल्द ही शुरू करने की आशा करते हैं । इन परियोजनाओं के पूरा होने पर दोनों जिलों में पीने के पानी की समस्या का हल किया जा सकेगा ।

**विद्युत**

विद्युत क्षेत्र में हमारा Transmission & distribution घाटा देश के सबसे कम घाटों में से है । हमारे टैरिफ भी देश के पश्चिमी क्षेत्र में लगभग न्यूनतम हैं । दमण के कुछ क्षेत्रों में अंडरग्राऊण्ड केबल लगाये जा चुके हैं और इसे दमण एवं दीव के अन्य क्षेत्रों में भी लगाने का भी हमारा प्रस्ताव है । मौजूदा Sub Stations तथा Distribution Lines को भी Upgrade करने का भी हमारा विचार है । हम झरी में 66 KV उप केंद्र की स्थापना कर रहे हैं, जिसके मार्च, 2013 तक तैयार होने की आशा है । हमने रिंगणवाडा में 220 KV उप केंद्र की स्थापना के हमारे प्रस्ताव पर अनुमोदन देने के लिए भारत सरकार से अनुरोध किया है ।

**स्वास्थ्य :**

स्वास्थ्य क्षेत्र के अंतर्गत अप्रैल, 2012 में 108 नंबर की Emergency एम्बुलैंस दोनों जिलों में शुरू की गई थी । देश की प्रथम Non-emergency चिकित्सा सलाह की सेवा हाल ही में प्रदेश में 104 नंबर पर शुरू की गई है । दीव में 60 Beds वाले सरकारी अस्पताल का निर्माण शुरू किया जा चुका है । हम सरकारी अस्पताल, मरवड़ को

अपग्रेड कर इसे सरकारी क्षेत्र के सर्वोतम अस्पतालों की श्रेणी में लाने के लिए कोशिश कर रहे हैं । इस अस्पताल में CT Scan facility और नये OPD ब्लॉक का उद्घाटन आज ही किया जा रहा है । निकट भविष्य में हम दमण में MRI सुविधा शुरू करने की योजना बना रहे हैं । दमण एवं दीव में Early Intervention Centres की स्थापना करने की भी हमारी योजना है ।

Sewerage System : प्रदेश के किसी भी शहरी क्षेत्र में कोई योजनाबद्ध जल निकास व्यवस्था नहीं है । दमण एवं दीव दोनों जिलों में Underground Sewerage System के लिए संबंधित म्यूनिसपालिटी द्वारा बड़े स्तर पर योजना तैयार की गई है, जिसे अंतिम रूप दिया जा रहा है ।

PNG **गैस :** संघ प्रदेश में न तो घरेलू और न ही औद्योगिक उपयोग के लिए Piped Natural Gas सुविधा उपलब्ध है, हालांकि यह सुविधा वापी तथा गुजरात के नजदीक के क्षेत्रों मे उपलब्ध है । इस सुविधा को दमण में भी जल्द ही उपलब्ध कराने के लिए हमने इस मामले को भारत सरकार के समक्ष रखा है । यह सुविधा अगले 06 महीनों में उपलब्ध होने की संभावना है ।

**पर्यटन :** औद्योगिक क्षेत्र में रोजगार के अवसरों में ज्यादा बढ़ोतरी नहीं होने के कारण पर्यटन दमण एवं दीव के बेरोजगार युवकों और अन्य नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है । इसलिए हम यहाँ पहुँचने की सुविधाओं में वृद्धि, मौजूदा पर्यटक स्थलों का Upgradation, नये पर्यटकों स्थलों का विकास और प्रदेश की पर्यटन संभावनाओं का राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर Promotion करके पर्यटन के विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं । ITDC को दीव में लाईट एवं साऊण्ड शो के लिए विस्तृत योजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए अनुरोध किया गया है । कुछ दिनों पहले दीव के दौरे के दौरान मैंने नागवा और घोघला Beaches पर अच्छी सुविधाओं के लिए निर्देश जारी किये हैं । इसी प्रकार की सुविधायें दमण में देवका और जमपोर Beaches पर भी दी जाएंगी । INTACH जैसे प्रोफेसनल एजेंसी की सहायता से Heritage Buildings को Conserve करने का हमारा प्रस्ताव है । दमण किले के चारों ओर के क्षेत्र को विकसित करने हेतु एक नई परियोजना बनाई जा रही है । जमपोर से लाईटहाऊस तक Walk-way के विस्तार की परियोजना भी शुरू की गई है और इसके लिए Estimate तैयार किया जा रहा है ।

**मत्स्य उद्योग :** Fisheries के विकास के लिए कई कदम उठाये जा रहे हैं । दमण जेट्टी पर जल्द ही एक Solar Fish Drier Plant स्थापित किया जायेगा । दीव में वणांकबारा तथा साउदवाडा जेट्टियों के विस्तार का कार्य शुरू किया जा चुका है । दमण एवं दीव दोनों में छोटे बंदरगाह के विकास हेतु Consultant की नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है । इससे दोनों जिले में Fisheries के विकास में अभूतपूर्व बढ़ोतरी होगी । दीव के छोटे मछुआरे भाईयों के लिए सब्सिडी मूल्यों पर उपलब्ध केरोसीन के कोटे में बढ़ोतरी के लिए मैंने भारत सरकार से अनुरोध किया है ।

**शिक्षा :** 51 वर्षों की मुक्ति के बाद भी दीव में कोई डिग्री कॉलेज नहीं है और बच्चों को कॉलेज की पढ़ाई के लिए गुजरात जाना पड़ता है । इसलिए हमने अगले वर्ष 2013-14 से Arts & Commerce Stream के लिए एक नया कॉलेज शुरू करने का निर्णय लिया है । नये डिग्री कॉलेज के लिए भूमि की तलाश कर ली गई है । फिलहाल यह कॉलेज मौजूदा सरकारी संस्थान में ही शुरू किया जायेगा । दमण में एक नये इंजीनियरिंग कॉलेज तथा दीव

में एक पोलिटेक्निक शुरू करने की भी हमारी योजना है । प्रशासन ने संघ प्रदेश में स्कूलों की Quality में Time - bound तरीके से वृद्धि करने के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना की शुरूआत की है । हम सभी मीडिल, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में आधुनिक कंप्यूटर लेब्रोटरी शुरू करने की भी आशा करते हैं, ताकि हमारे बच्चे उच्चतर शिक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार हो सकें ।

**सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र :** Information Technology के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहे हैं । 5 लाख से अधिक के सभी प्रोक्योरमेंट/निर्माण कार्यों को ई-प्रोक्योरमेंट के जरिए करने के प्रशासन के निर्णय से Local bodies तथा Corporations सहित सभी विभागों की Tender प्रक्रिया में Transparency आई है । दीव में भी पिछले सप्ताह ई-स्टैम्पिंग सुविधा शुरू की गई है । सभी सरकारी कार्यालयों को जोड़ने तथा उन्हें ई-सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक Wide Area Network स्थापित किया जा रहा है । दीव तथा दादरा एवं नगर हवेली के लिए एक कॉमन State Data Centre सिलवासा में स्थापित किया जा रहा है । भारत सरकार ने इसे सैद्धांतिक रूप में मंजूरी दे दी है और यह वर्ष 2013 के बीच तक तैयार हो जायेगा । दमण एवं दीव में बहुत समय से लंबित Land Records के Digitization का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है । हम प्रदेश में कॉमन सर्विस सेंटरों की स्थापना करने जा रहे हैं, जहॉ से आम नागरिक सरकारी दफ्तरों में जाने के बजाय अधिकांश सरकारी सेवाओं का लाभ ले पाएंगे ।

**समाज कल्याण :** हम भारत सरकार के सभी कार्यक्रमों को लागू करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है । कक्षा-VIII में पढ़ रही अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति की छात्राओं को हाल ही में सरस्वती साधना योजना के अंतर्गत लगभग 200 साईकिलें वितरित की गई । सभी लाभार्थियों को पेंशन एवं छात्रवृति का भुगतान बैंक खातों के जरिए किया जा रहा है । भारत सरकार द्वारा जनवरी, 2013 से Direct Cash Benefits लागू करने के लिए निर्धारित 51 जिलों में दमण एवं दीव जिलों को शामिल किया गया है । हम यह सुनिश्चित करेंगे कि लाभार्थियों को जरूरी लाभ सहज रूप से प्राप्त हो ।

मैंने संघ प्रशासन के केवल कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों के बारे में संक्षिप्त चर्चा की है, जिसके संबंध में प्रशासन कोशिश कर रहा है । मैं आपको पूरा विश्वास दिलाता हूँ कि संघ प्रशासन के स्तर पर हम हमारे सभी कर्तव्यों के पालन के प्रति पूरी तरह से सचेत हैं जिसकी आशा जनता हमसे करती है ।

अंत में मैं 52वें मुक्ति दिवस के शुभ अवसर पर दमण एवं दीव के हरेक निवासी को बधाई देता हूँ ।

पिछले कुछ दशकों में हमने सभी क्षेत्रों में शानदार प्रगति की है । परंतु हमारा लक्ष्य देश के सर्वोत्तम राज्यों / संघ प्रदेशों में उभर कर सामने आना है और इसे संभव बनाने के लिए कई परियोजनाएँ लागू की गई है और पहल किये गये हैं । इस महत्वकांक्षी लक्ष्य को पाने में हमें आपके समर्थन एवं सहयोग की आवश्यकता है । आइये, आप और हम प्रगतिशील दमण-दीव का निर्माण करने के लिए मिलकर काम करें, जिससे हमारी आने वाली पीढ़ियों को इस प्रदेश पर गर्व हो ।

**जय हिन्द**